# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 शादी में हुआ विवाद, पुत्र की पिटाई, बचाने गए पिता...





12 बिजली संकट पर भड़का जनाक्रोश ग्रामीणों ने...






## जैसाकर्रा में डेढ़ किलो गांजा बरामद, तस्करी के आरोपी युवक को जेल भेजा गया

■ मुखबिर से मिली जानकारी फिर की कार्यवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

चारामा क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गांजा बरामद किया है। इस कार्रवाई से इलाके में नशा तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर गांजा सप्लाई के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी हुई है, ताकि इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम नाकापारा निवासी गुलाब सिन्हा नामक व्यक्ति ग्राम जैसाकर्रा में महुआ पेड़ के नीचे सफेद कपड़े के थैले में गांजा रखकर बेच रहा है। पुलिस ने मुखबिर की जानकारी को गंभीरता से लेते हुए खबर की तस्दीक किया और पुष्टि होने पर पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया और तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया।

पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गुलाब सिन्हा (30 वर्ष) निवासी नाकापारा, चारामा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से सफेद कपड़े के थैले में प्लास्टिक झिल्ली में रखा 1 किलो 30 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 51,500 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### चारामा पुलिस गांजा सप्लायर के नेटवर्क की खोज में





### आरोपी आदतन अपराधी

चारमा थाना प्रभारी सुरेश कुमार राठौर ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें जुआ एक्ट, मारपीट, एससी/एसटी एक्ट और अन्य धाराएं शामिल हैं। इस मामले में हमारी टीम अब यह जानने का प्रयास कर रही है कि आरोपी गांजा कहां से लाता था और इसके पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। उनका मानना है कि सप्लाई चेन का खुलासा होने के बाद क्षेत्र में अवैध गांजा कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी।

## खबर संक्षेप




### शराब की बिक्री करने वाली महिला पकड़ाई

कांकेर। थाना कोरर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किशनपुरी में अवैध महुआ शराब बिक्री की खबर मिलने पर कोरर पुलिस ने किशनपुरी निवासी 34 वर्षीय सरस्वती कोमरा को दबोचा, जो अपने मकान के बाहर अवैध रूप से देशी महुआ शराब बेच रही थी। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर क्षमता की प्लास्टिक जरकीन में रखी करीब 7.5 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 900 रुपएं आंकी गई। शराब बिक्री से प्राप्त 240 रुपएं नकद भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी सरस्वती कोमरा के खिलाफ धारा आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

### ग्रामीण ने जहर खाकर दी जान

**कांकेर**। सरोना थानांतर्गत धनेसरा निवासी 55 वर्षीय छेदूराम कोर्राम पिता बरन सिंह ने जहर खा लिया था, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। इलाज के दौरान उसका 7 अप्रैल को मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल बुर्जुग की अस्पताल में मौत

**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत बाबूकोहका निवासी 72 वर्षीय मोतीराम जुर्री पिता सगनूराम का इलाज के दौरान 6 फरवरी को मौत हो गया। रायपुर के निजी अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आग में जलने से महिला की मौत

**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत बाबूकोहका निवासी 78 वर्षीय बिसरी बाई ध्रुव पति झाडूराम आग में जल गया था। इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसका मौत हो गया। मिली जानकारी अनुसार मृतिका आग में जल गई थी। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन उसकी 17 नवंबर को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बिजली करंट से महिला की मौत

कांकेर। बांदे थानांतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदे में इलाज के लिए लाए संध्या ठाकुर पति विनोद ठाकुर का मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका को करेंट लगने से इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। इलाज के दौरान उनका 22 अप्रैल को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### शक्ति योजना पर कार्यशाला 27 को

**कांकेर**। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत जिले में सोमवार 27 अप्रैल को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसार ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 01 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विभाग प्रमुखों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

**समस्या:** बिजली के आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान पर विभाग को परवाह नहीं

## बिजली संकट व अतिक्रमण के खिलाफ कांग्रेस ने किया चक्काजाम, दिया 3 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

कांग्रेसियों ने दो मुद्दे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और शहरीय क्षेत्र में लगातार हो रहे बिजली अवरोध और बिजली के आंख मिचौली को लेकर बिजली विभाग के कार्यालय घेराव और चक्काजाम का ऐलान किया था। घड़ी चौक में चल रहे चक्काजाम स्थल पर विजली विभाग का अमला पहुँचा, इसके चलते बिजली विभाग का घेराव करने नहीं गए, परंतु विभाग के अमले को व्यवस्था ठीक करने तीन दिन का अल्टीमेटम दिया। तीन दिन बाद उग्र आंदोलन करने की बात कही।

कांग्रेसी सुबह 11 बजे के आसपास घड़ी चौक पर एकत्र होने लगे और कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया। कांग्रेसियों ने बिजली को लेकर कार्यालय घेराव की जानकारी 22 अप्रैल को दिया था, परंतु 22 और 23 अप्रैल को कई घंटे तक कांकेर अंधेरा में डूबा रहा। कांग्रेसियों ने बिजली विभाग को तीन दिन का अल्टीमेटम देकर कार्यालय घेराव नहीं किया, परंतु कांग्रिसयों का कहना है कि तीन दिन में व्यवस्था ठीक नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन होना तय है। चक्काजाम के दौरान उपस्थित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि कांकेर शहर के अलावा नरहरपुर, चारामा, कोरर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़, आमाबेड़ा, कोयलीबेड़ा और परलकोट में कई घंटो तक हो रही बिजली कटौती से पूरा गांव गावं परेशान है, इसके लिए ज्ञापन दिए थे, पूर्व में नहरपुर में भी ज्ञापन दिए और घेराव किए थे। हम लोग जिला स्तरीय अधिकारी को भी बोल रहें है कि इसका निराकरण करें, परंतु उनके कान में जूँ तक नहीं रेंग रहा है।

विभाग के आला अधिकारियों से कहा गया है कि शहर के साथ साथ गाँव में बिजली कटौती न किया जाए, नहीं गांव गांव आंदोलन होना तय है। छग राज्य मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा के द्वारा नजूल भूमि की प्राप्त पट्टे 76 वर्गमीटर क्षेत्रफल की भूमि से अधिक 112 वर्गमीटर की भूमि पर स्थित वृक्ष की अवैध रूप से कटाई कर शासकीय भूमि पर अवैध रूप से निर्माण करने के उद्देश्य से नीव की खुदाई कर ईंटो से दिवाल की जोड़ाई किया जा रहा है, जबकि इस संबंध में न्यायालय तहसीलदार के पारित स्थगन आदेश दिनांक 13/04/2026 को उक्त कार्य पर रोक लगाने एवं निर्माण कार्य को बंद करने का आदेश जारी किया गया है, जिसे अतिक्रमणकारी द्वारा पालन ना करते हुए आज भी सत्ता की आड़ में निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे जन आक्रोष की स्थिति उत्पन्न हो रही हैं। निर्माण कार्य को तत्काल रोक लगाकर अवैधानिक रूप से तैयार किए जा रहे निर्माण एंव दिवाल को हटाकर कब्जा मुक्त किया जाए।



**3** दिनों में यदि समस्या का निराकरण नहीं किया तो उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी

### चक्काजाम में यह रहे शामिल

प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर, शहर अध्यक्ष यासीन कराणी, ग्रामीण अध्यक्ष लोमेन्द्र यादव, सुनील गोस्वामीं, गफ्फार मेमन, सरजू शोरी, शिवभान ठाकुर, गोमती सलाम, राजेश भास्कर, मनोज जैन, सोमेश सोनी, शिवांकित श्रीवास्तव, खोमेंद्र ऊईके, देवेन्द्र साहू, सुरेश नाग, दीपक शोरी, विजय यादव एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### शिवनगर के पार्षद का भाई कर रहा कब्जा

कांग्रेसियों ने कहा कि शिवनगर के पार्षद का भाई विजय जैन द्वारा शासकीय भूमि पर कच्चा मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है, जिसे तत्काल हटाने की कार्यवाही कर संबंधित पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही किया जावे। भाजपा से जुड़े लोग अवैध कब्जा करके अतिक्रमण का खेल खेलकर भाजपा सरकार के असली चेहरा को उजागर कर रहे है। पार्षद के भाई के द्वारा किए गए अतिक्रमण पर जल्द से जल्द कार्यवाही किया जाए। इसी प्रकार शहर की विभिन्न वार्डों में भी रिक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसे तत्काल रोक लगाई जावे।

### प्रभारी मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर शहर एवं ग्रामीण संयुक्त तत्वाधान के द्वारा कांकेर शहर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण तथा ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्र में लगातार हो रहे बिजली अवरोध और बिजली के आंख मिचौली को लेकर कांग्रेस नेताओं ने घड़ी चौक में विरोध प्रदर्शन किया और उप मुख्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।



## भानुप्रतापपुर उप कोषालय की सेवाएं ठप, जनता और विभाग हैं मुश्किल में

### स्टाम्प-टिकट के लिए लोग भटकने को मजबूर

**भानुप्रतापपुर**। भानुप्रतापपुर अंचल में उप कोषालय की सेवाएं प्रभावित होने से आम जनता और शासकीय विभागों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर स्टाम्प और टिकट की उपलब्धता बंद हो जाने से छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी लोगों को जिला मुख्यालय कांकेर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है। जानकारी के अनुसार जिला कोषालय कांकेर द्वारा जारी निर्देश के बाद भानुप्रतापपुर उप कोषालय में मिलने वाले विभिन्न मुद्रांक स्टाम्प और टिकट अब केवल जिला कोषालय से ही प्राप्त किए जा सकते हैं। इस नई व्यवस्था के चलते स्थानीय स्तर पर इनकी उपलब्धता पूरी तरह बाधित हो गई है। इसका सीधा असर आम नागरिकों के दस्तावेजी कार्यों पर पड़ रहा है, वहीं शासकीय कार्यालयों में भी कामकाज प्रभावित हो रहा है।

इस संबंध में अधिवक्ता राजेश तिवारी ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए उप कोषालय की सेवाओं को पूर्ववत संचालित करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि वर्षों से भानुप्रतापपुर में उप कोषालय सुचारू रूप से कार्य कर रहा था और ऐसी समस्या पहले कभी सामने नहीं आई। वर्तमान स्थिति के कारण लोगों को सरल और सुलभ सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिससे न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी धीमी हो गई हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार कांकेर जाने की मजबूरी से न केवल आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, बल्कि महत्वपूर्ण कार्यों में अनावश्यक देरी भी हो रही है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता राजेश तिवारी सहित क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए भानुप्रतापपुर उप कोषालय की सेवाओं को तत्काल बहाल किया जाए। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## माँ ने बेटे को बेवजह घूमने पर डांटा बहू व देवर बेटे ने माँ से की मारपीट

**कांकेर**। अंतागढ़ क्षेत्र में एक मामूली घरेलू विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब बेटे को घूमने से मना करने पर एक महिला के साथ उसके ही परिवार के सदस्यों ने मारपीट कर दी। घटना ने पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार अंतागढ़ थाना क्षेत्र के कुहचे शीतलापारा निवासी 35 वर्षीय भागबती उसेंडी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह खेती-किसानी का कार्य करती हैं और 21 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे अपने घर पर थीं। उसी दौरान उन्होंने अपने बेटे जितेंद्र उसेंडी को इधर-उधर घूमने को लेकर डांटा था। महिला के अनुसार इसी बात से नाराज होकर उनकी बहू मधु उसेंडी और देवर का बेटा नागेश उसेंडी मौके पर पहुंचे और उन्हें गाली-गलौज करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर महिला के साथ हाथ-मुक्कों और लातों से मारपीट की। इतना ही नहीं, उन्होंने दोबारा बेटे को डांटने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट के दौरान महिला को सिर, गले, दोनों हाथों और दाहिने पैर में चोटें आईं, जिससे वह दर्द से कराह उठीं।




▸▸ शेष पेज 10 पर


## ढाबे में शराबखोरी, संचालक गिरफ्तार

**कांकेर**। थाना बांदे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पीव्ही 79 शांतिपुर स्थित एक ढाबे में दबिश देकर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने ढाबे के संचालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने आरोपी 42 वर्षीय दिलीप देवनाथ पिता स्व. दुलाल देवनाथ के पीव्ही 79 शांतिपुर स्थित निजी ढाबा से 13 नग हंटर अंग्रेजी बियर, खाली बोतलें, डिस्पोजल गिलास और 600 रुपएं नगद को जप्त किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शांतिपुर निवासी दिलीप देवनाथ अपने ढाबे में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेच रहा है और लोगों को वहीं बिठाकर शराब पिला रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

तलाशी के दौरान ढाबे से एक प्लास्टिक के थैले में 13 नग हंटर बियर बरामद हुई। साथ ही काउंटर से बिक्री के 600 रुपएं और टेबल से इस्तेमाल की गई खाली बोतलें व डिस्पोजल गिलास जब्त किया गया। आरोपी दिलीप देवनाथ शराब रखने या पिलाने से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) और 36 (सी) के तहत मामला दर्ज किया है। मामला अजमानती होने के कारण आरोपी को 22 अप्रैल की रात 01:05 बजे विधिवत गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया गया है।

जनप्रतिनिधियों का प्रयास रंग लाया, भुसकी क्षेत्र में विकास की नई शुरुआत

## भुसकी से करकाझार तक बनेगी अब पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

दूरस्थ अंचलों में विकास की रफ्तार जब जमीन पर उतरती है, तो उसका उत्साह गांव-गांव में साफ नजर आता है। विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम भुसकी में भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब वर्षों से लंबित सड़क की मांग आखिरकार पूरी होने की दिशा में बढ़ी। भुसकी क्षेत्र के लिए यह सड़क केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि विकास की नई दिशा और संभावनाओं का द्वार है, जो आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाएगा।

जानकारी के अनुसार भुसकी, फगवा पुड़ो एवं आसपास के गांवों के लिए यह सड़क बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अब तक यहां के लोगों को कच्ची और जर्जर सड़क के कारण विशेषकर बारिश के मौसम में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच प्रभावित होती थी। इस मांग को वर्षों तक उठाने वाले पूर्व जनपद सदस्य रूपोंतिन आचला एवं पूर्व सरपंच कलिता आचला के प्रयासों को ग्रामीणों ने याद किया। 21 अप्रैल को भुसकी से करकाझार तक लगभग 4.50 किमी. लंबी पक्की सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। भूमिपूजन के अवसर पर जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास शासन की प्राथमिकता है और यह सड़क बनने से पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा।


▸▸ शेष पेज 10 पर




सालों का इंतजार खत्म

### आवागमन में मिलेगी राहत

ग्रामीणों ने आशा जताई कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण होगा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने भी निर्माण कार्य की नियमित निगरानी का आश्वासन दिया। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी तथा विद्यार्थियों और मरीजों को आवागमन में राहत मिलेगी। भुसकी क्षेत्र के लिए यह विकास कार्य मील का पत्थर साबित होगा।




## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन

**जगदलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में नगर पालिका निगम उप निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज के अंतर्गत समाचार पत्र, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, केबल नेटवर्क, इंटरनेट, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया इत्यादि में प्रकाशित होने वाले समाचार तथ्यों की बारीकी से जांच तथा निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्रियों के प्रसारण पूर्व प्रमाणन हेतु जिला स्तर पर जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा अध्यक्ष, कमल कुमार बघेल उप संचालक जन सम्पर्क, सदस्य सचिव एवं सुरेश रावल हरिभूमि सदस्य समिति में रहेंगे।

### आकाशीय गाज गिरने से डेढ़ घंटे बंद रही बिजली

**जगदलपुर।** दो दिन से बारिश के साथ-साथ आकाशीय बिजली से शहर के दलपत सागर के पास पेड़ गिरने एवं डगाल टूटने से बिजली प्रभावित हुई। विद्युत कंपनी जगदलपुर जोन के विद्युत कर्मचारियों ने सर्चिंग की तो पता चला कि आकाशीय बिजली से ट्रांसफार्मर खराब हुआ। इस पर कार्यपालन अभियंता डॉ. सुदीप खेस के नेतृत्व में सहायक अभियंता विकास कुंजाम, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू दर्जन भर कर्मचारियों के साथ शाम को जुटे रहे। लगभग डेढ़ घंटे बाद बंद बिजली बहाल हो सकी और उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

### महिला आरक्षण बिल पर चुनावी लाभ लेने का प्रयास : अनवर

**जगदलपुर।** कांग्रेस महामंत्री अनवर खान ने जारी बयान में कहा कि महिला आरक्षण बिल, परिसीमन प्रक्रिया और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर जवाबदेही तय होनी चाहिए । उन्होंने सवाल किया कि जब बिल को व्यापक समर्थन मिल चुका था तो उसे लागू करने में देरी क्यों की गई। चुनावी वर्ष में इसे फिर से मुद्दा बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। परिसीमन और जनगणना के नाम पर बिल को लटकाए रखना सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार विफल रही है। महिलाओं के अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए ठोस कदमों की जरूरत है न कि केवल घोषणाओं और प्रचार की।

### पंचायत उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**कांकेर।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 20 तथा 21 (1) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर उप निर्वाचन के लिए जनपद पंचायत कांकेर के लिए तहसीलदार कांकेर पुष्पराज पात्र को रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कांकेर अश्वनी यादव को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंच के लिए नियुक्त किया गया है।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से परिवार को मिला सहारा

## नॉमिनी को 2 लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान, आकस्मिक निधन के बाद परिजन को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केशकाल विकासखंड के ग्राम करमरी बिंझे निवासी रजाय बाई दुग्गा के निधन के पश्चात उनके नामित पुत्र बलिदान राम दुग्गा को 2 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। बीमा राशि मिलने से परिवार को राहत मिली है। बीमा राशि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से नॉमिनी के बैंक खाते में शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता एवं उपडाकपाल एस.एल. गोटी द्वारा अंतरित की गई।

जानकारी के अनुसार रजाय बाई दुग्गा ने डाकघर के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कराया था। इस योजना के अंतर्गत मात्र 436 वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है।

### 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लिए योजना

यह योजना 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के बैंक खाताधारकों के लिए संचालित है, जिसका नवीनीकरण 55 वर्ष की आयु तक किया जा सकता है। योजना में नामांकन के लिए किसी प्रकार की मेडिकल जांच आवश्यक नहीं होती। प्रीमियम राशि बैंक खाते से ऑटो-डेबिट के माध्यम से जमा हो जाती है।




### मृत्यु पर नॉमिनी को सहायता राशि

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर किसी भी परिस्थिति में नामित व्यक्ति को 2 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसको इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक या अन्य माध्यम से नॉमिनी के बैंक खाते में भेजा जाता है।

## समस्या : बानगांव में लगातार कटौती से त्रस्त लोगों का धरना-प्रदर्शन

# बिजली संकट पर भड़का जनाक्रोश ग्रामीणों ने किया कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड के बानगांव में लंबे समय से जारी बिजली कटौती के खिलाफ गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर नजर आया। जनपद सदस्य लीलावती नेताम के नेतृत्व में दोपहर करीब 1 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रैली निकालकर बिजली कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की।

■ किसानों ने फसल सूखने पर मुआवजे की रखी मांग

ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को संबंधित विभाग को लिखित आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बार-बार शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी रही, जिससे नाराज होकर उन्हें





प्रदर्शन करना पड़ा। धरना-प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं खेती-किसानी और रोजमर्रा के कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

### मक्के की फसल सूखी निरीक्षण के लिए भेजें पटवारी

किसानों ने बताया कि बिजली नहीं मिलने के कारण उनकी मक्के की फसल सूख गई है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सूखी फसल को ट्रैक्टर में भरकर कार्यालय लाने की योजना थी, लेकिन समय और वाहन की कमी के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका। किसानों ने मांग की है कि गांव में पटवारी भेजकर फसल का निरीक्षण कराया जाए और जल्द मुआवजा दिया जाए।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### आंदोलन में इनकी रही सहभागिता

प्रदर्शन के दौरान सरपंच गीता प्रसाद बघेल, उप सरपंच अर्जुन शोरी, पंच खेमन यादव, पूर्व सरपंच चंदन राम शोरी, दुलार राम, सियाराम नेताम, नवलु शोरी, नारद, संतोषी, आसमान सुखदेव, परशुराम, सुनील, दयाराम, मनीराम, लखमु, अनिल, सम्पत , संतु शोरी, माधव, राजेंद्र, राजेश्वरी, रामकिरण, रितेश जागेश्वर, विनोद, बंसी सिंह, तुलसीराम, सगराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप के नजदीक मिला अधेड़ का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के पेट्रोल पंप के नजदीक गुरुवार को एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस सुबह करीब 10:30 बजे मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक शर्ट और लुंगी पहने हुए था। मौके की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई गई कि मृतक सम्भवतः घूम घूम कर मांगने वाला व्यक्ति हो सकता है। प्रारंभिक जांच में अंदेशा जताया जा रहा है कि उसकी मौत एक दिन पहले हुई होगी, क्योंकि तेज धूप के कारण शव की त्वचा काली पड़ चुकी थी। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक की पहचान ग्राम कोरई निवासी पुनउ नेताम (42 वर्ष), पिता स्व. चमरा नेताम के रूप में की। पंचनामा कार्रवाई के बाद परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग कायम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

■ पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपा
■ कई दिनों से नहीं लौटा था घर

### *एक साल से इधर- उधर कर रहा था काम*

*परिजनों के अनुसार, मृतक पिछले लगभग एक साल से क्षेत्र में इधर-उधर काम कर जीवनयापन कर रहा था। कभी-कभार ही घर आता था। पिछले कई दिनों से वह घर नहीं लौटा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।*

# खौलते तेल में डाला हाथ, निकाले बड़े

## सिर्री में धुरी परिवार में बड़ा खेल की अनोखी रस्म निभाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिर्री

विभिन्न समाज में शादी पर अनेक रस्म निभाई जाती है लेकिन ग्राम सिर्री निवासी नंदूराम धुरी के परिवार में शादी के समय अनोखी रस्म निभाई गई। धुरी समाज के शेखर नत्रिका धुरी के पुत्र दीपक धुरी सहित परिवार ने मिलकर एक अनोखी रस्म निभाई जिसे देख लोगों ने दांतोंतले उंगली दबा ली। इसे बड़ा खेल के नाम से जाना जाता है।

शादी में मायन के दिन उनके परिवार का कोई एक सदस्य उपवास रखकर अपने इष्टदेव भगवान भोलेनाथ का आह्वान करता है। इष्टदेव की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मंडप में ही परिवार के सभी दंपति एक के बाद एक सिलबट्टे में दाल की पिसाई करते हैं जिसे सील पोहना कहा जाता है। इसे केवल दंपति ही करते हैं। उसके बाद मंडप में ही चूल्हा बनाकर उस पर कढ़ाई रखकर खौलते तेल में उड़द दाल का बड़ा बनाया जाता है। दो



व्यक्ति बड़ा बनाते हैं और परिवार की बाकी महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग आदि उस खौलते तेल में हाथ डालकर उस गर्म बड़ा को निकालते हैं और अपने परिजनों की पीठ पर मारते हैं। तत्पश्चात उनसे आशीर्वाद लेते हैं। यह खेल लगभग 2 घंटे तक चलता है। बच्चे भी इस रस्म को निभाने में पीछे नहीं रहते।

60 वर्षीय नंदूराम धुरी, शेखर, नत्रिका, दीपक, भागी, पूरण, त्रिलोकी, बलराम, केसरी, सूरज धुरी ने बताया कि विवाह के समय यह अजब रस्म धुरी समाज में ही निभाई जाती है। इसे बड़ा खेल के नाम से जाना जाता है। यह रस्म धुरी समाज में पीढ़ी दर पीढ़ी निभाई जा रही है। विवाह के समय इस परंपरा को निभाते 100 साल से भी ज्यादा हो चुका है। लक्ष्मीनाथ धुरी, कुमारीबाई, रामेश्वर, कौशलबाई, तीजोबाई, अश्वनी, रानी, अंजनी, ज्योति, चित्रसेन, देवाबाई, बीरेंद्र, लीना, कान्हा, वियान, मोना, प्रिया, निधि, तिलक, दूजराम, कमल, ईश्वर, गेंदलाल समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने खौलते तेल में हाथ डाल गर्म बड़ा निकालकर बड़ा खेलने की रस्म निभाई।

# शादी समारोह में चाकूबाजी, चार युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के आरापुर में बीती रात शादी समारोह में डीजे की धुन में नाचने के दौरान युवकों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि कुछ लोगों ने नाच रहे युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी में चार युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

■ डीजे की धुन में नाचने के दौरान हुआ विवाद
■ परपा पुलिस कर रही चाकूबाजों की तलाश

घटना की जानकारी देते हुए सोसनपाल निवासी सागर नाग 20 वर्ष ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ आरापुर में एक परिचित के घर शादी समारोह में गए थे। समारोह में डीजे भी लगाया गया था जहां सभी लोग डांस कर रहे थे। नाचने के दौरान अचानक टकराने की वजह से युवकों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते यह विवाद बढ़ गया। डीजे में नाच रहे कुछ युवकों ने दुगनपाल पटेलपारा निवासी फुलसिंग 30 वर्ष, प्रियांशु कुर्रे 20 वर्ष निवासी सोसनपाल और देवेंद्र 24 वर्ष निवासी दुगनपाल पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हमले में युवकों को हाथ, पीठ और कमर आदि जगहों पर चोटें आई हैं। अचानक हुई चाकूबाजी की इस घटना के बाद शादी समारोह में भगदड़ मच गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए मेकाज अस्पताल लेकर गए जहां उन्हें भर्ती कराया गया है। फिलहाल घायलों की स्थिति ठीक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डीजे पर नाचते समय युवकों के बीच मामूली टक्कर हुई। यह छोटी सी बात देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई। कुछ हमलावर युवकों ने चाकू निकालकर डांस कर रहे युवकों पर हमला कर दिया। हमले में फुलसिंग, प्रियांशु और देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से शादी के माहौल में हड़कंप मच गया। लोग शादी घर छोड़कर घायलों को अस्पताल ले जाने में जुट गए।



### हमलावरों की तलाश जारी

घायलों के परिजनों ने बताया कि घटना के बाद से गांव के दो युवक लापता हैं। इन लापता युवकों पर चाकूबाजी का शक जताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस घटना में शामिल हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। परपा टीआई से इस मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

# बस्तर मुन्ने के तहत प्रत्येक गांव में 1 मई से लगेंगे विशेष संतृप्तता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर अभियान का आगाज किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आगामी 01 मई से जिले की सभी ग्राम में विशेष संतृप्तता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि अभियान का प्राथमिक लक्ष्य एनसीएईआर सर्वेक्षण के दौरान नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत चिन्हित उन परिवारों को लाभान्वित करना है, जो वर्तमान में किन्हीं कारणों से शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं। प्रशासन का संकल्प इन परिवारों को मुख्यधारा से जोड़कर लाभ का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करना है। यह अभियान विभिन्न चरणों में व्यवस्थित रूप से संचालित होगा। उन्होंने बताया कि पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल से एक सप्ताह तक विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

## देशी शराब गायब, अंग्रेजी की किल्लत

**धमतरी।** जिले की शराब दुकानों में स्टॉक की जबरदस्त कमी है। रोजाना शराब की थोड़ी बहुत खेप आती है, वह भी घंटेभर में खत्म हो जाती है। स्थिति यह है कि शराब दुकानों में मदिरा प्रेमियों का जमावड़ा लगा रहता है। शाम को मेला जैसी भीड़ उमड़ रही है। कई दुकानों में हुड़दंग और भगदड़ वाली स्थिति बन जाती है। धमतरी जिले में 28 शराब दुकानें हैं, जहां पर पिछले कुछ दिनों से शराब की जबरदस्त कमी है। खासकर देशी प्लेन और मसाला शराब की कमी बनी हुई है। जिले में इन दोनों शराब की सबसे ज्यादा डिमांड है। इस शराब के न मिलने से ही दुकानों में भगदड़ वाली स्थिति बन रही है। कई आदतन शराब प्रेमी तो सुबह से ही शराब लेने के लिए दुकानों के सामने पहुंच जाते हैं। शराब नहीं होने की स्थिति में घंटों तक शराब की खेप आने का इंतजार करते हैं। अंग्रेजी शराब के स्टॉक में भी कमी है। इसमें कई वेरायटी तो मिल ही नहीं रही है।

# शादी में हुआ विवाद, पुत्र की पिटाई, बचाने गए पिता पर कड़े से हमला, आरोपी युवक हैं फरार, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जब बेटे के साथ हो रही गाली-गलौज को शांत कराने पहुंचे पिता पर आरोपियों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार धमतरी जिले के डोंगरीपारा बरबाधा निवासी और वर्तमान में नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 09 में रहने वाले 51 वर्षीय संतराम धुर्वे ने थाना नरहरपुर में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल की रात करीब 12 बजकर 05 मिनट पर अपने घर पर सो रहे थे, तभी उनकी बेटी नेहा धुर्वे ने उन्हें जगाया और बताया कि



उनके बेटे योगेश धुर्वे को शादी समारोह में कुछ युवक परेशान कर रहे हैं और उससे झगड़ा कर रहे हैं। स्थिति को संभालने के लिए संतराम धुर्वे तुरंत मौके के लिए रवाना हुए। रास्ते में उन्हें उनका बेटा योगेश, रोशन धुर्वे के घर के पास मिला, जहां कुछ युवक पहले से मौजूद थे। आरोप है कि उसी दौरान हर्ष कौशल अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और योगेश से जबरन गलती स्वीकार करने को कहते हुए गाली-गलौज करने लगा। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। संतराम धुर्वे ने बीच-बचाव करते हुए विरोध किया, तो हर्ष कौशल ने अपने हाथ में पहना हुआ कड़ा निकालकर उनके सिर पर जोरदार हमला कर दिया, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हर्ष कौशल और अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## पेज 9 के शेष

### माँ ने बेटे को बेवजह...

घटना के बाद पीड़िता सीधे अंतागढ़ थाना पहुंची और पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। इस घटना ने एक बार फिर पारिवारिक विवादों के हिंसक रूप लेने की चिंता को उजागर कर दिया है, जहां छोटी-छोटी बातों पर रिश्तों में कड़वाहट और हिंसा बढ़ती नजर आ रही है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी मधु उसेंडी और नागेश उसेंडी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### भुसकी से करकाझार...

सरपंच मुकेश गावड़े ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है और यह सड़क नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी ने भी कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा होगा, वहीं जनप्रतिनिधियों ने नियमित निगरानी का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### निगरानी के लिए विशेष तकनीकी प्रकोष्ठ का गठन

**बीजापुर।** जिले में संचालित समस्त निर्माण कार्यों से संबंधित शिकायतों एवं सूचनाओं के त्वरित परीक्षण तथा गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर एक विशेष तकनीकी प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और पारदर्शिता की निगरानी करेगा। प्रकोष्ठ की अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी करेंगे। वहीं जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टण्डन को सदस्य सचिव बनाया गया है। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता डी कुमार बिसेन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता रमेश नेताम तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता नवीन कुमार टोंडे को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### चेरपाल में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार ग्राम चेरपाल स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में महिला चिकित्सक की पदस्थापना कर दी गई है। इस पहल से चेरपाल सहित आसपास के 8 पंचायतों के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे अब मरीजों को उपचार के लिए गीदम तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्थानीय स्तर पर ही नियमित रूप से चिकित्सकीय सेवाएं मिल सकेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला चिकित्सक की तैनाती से विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को काफी राहत मिलेगी। उन्हें समय पर जांच, परामर्श और आवश्यक उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इस व्यवस्था से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता दोनों में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे ग्रामीणों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

# मंडी उप निरीक्षक परीक्षा में 3913 होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, नवा रायपुर के अंतर्गत उप निरीक्षक पदों की लिखित भर्ती परीक्षा (एमबीएसआई-26) का आयोजन 26 अप्रैल को पूर्वान्ह 10 बजे से 12:15 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा प्रदेश के 16 जिलों में आयोजित होगी। दंतेवाड़ा जिले में इस परीक्षा में कुल 3913 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 20 अप्रैल से व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिन्हें अभ्यर्थी अपने प्रोफाइल लॉगिन के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दिवस को अभ्यर्थियों को कम से कम दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केंद्र में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा, ताकि पहचान सत्यापन एवं फ्रिस्किंग की प्रक्रिया पूरी की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा और इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से एक दिन पहले ही अपने परीक्षा केंद्र के स्थान का भली-भांति निरीक्षण कर लें।

प्रवेश पत्र का पूर्ण प्रिंट आउट साथ लाना अनिवार्य है तथा इसके साथ फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रस्तुत करना होगा। बिना मूल पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा के दौरान हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनना अनिवार्य रहेगा, जबकि गहरे रंग के कपड़े पहनने पर रोक रहेगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने के निर्देश दिए गए हैं तथा किसी भी प्रकार के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा के प्रथम और अंतिम आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने या अनुचित साधनों का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अभ्यर्थिता निरस्त की जाएगी। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच के लिए निर्धारित समय से पहले केंद्र पहुंचना होगा। दंतेवाड़ा जिले में परीक्षा के लिए शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पट्टरास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करली (गीदम), सरस्वती शिशु मंदिर दंतेवाड़ा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पट्टरास-कुम्हाररस, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अरुणोदय प्राथमिक शाला करली, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम, शासकीय हाई स्कूल अवराभाटा, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर जावंगा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जावंगा तथा आस्था विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जावंगा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## मुन्ने और नियद नेल्लानार पर फोकस



**बीजापुर।** जिले में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं बस्तर मुन्ने एवं नियद नेल्लानार 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के समस्त पटवारी एवं ग्राम सचिव उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने दोनों योजनाओं के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और जमीनी स्तर पर उनके क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक शासन की सुविधाएं पहुंचाना है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियद नेल्लानार 2.0 के अंतर्गत शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए सभी पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वे कार्य को गंभीरता से लेने और समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि सर्वे के दौरान कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। कलेक्टर एवं सीईओ ने सभी पटवारी और सचिवों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने, नियमित मॉनिटरिंग करने और जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर योजनाओं को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने-अपने विभागों से जुड़ी जानकारी साझा की और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

### आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार लघु वनोपज संघ के प्रबंधक

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर प्रबंधक तेंदूपत्ता व्यवस्था पर संकट के बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ के आह्वान पर प्रदेश के 902 लघु वनोपज प्रबंधक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया हैं।

इसका असर प्रदेश के 14 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार एवं 65 लाख से अधिक संग्राहकों की आजीविका पर पड़ सकता है।

- **दंतेवाड़ा में 18 अप्रैल से खरीदी शुरू, 80 हजार ग्रामीण सीधे होंगे प्रभावित**

वर्षों से लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने से प्रबंधकों में भारी आक्रोश है और अब उन्होंने निर्णायक संघर्ष का रास्ता अपनाया है। प्रदेश अध्यक्ष सन्नी साहू ने बताया कि प्रबंधक पिछले 38 वर्षों से सुदूर वनांचल क्षेत्रों में वनोपज संग्रहण, समिति संचालन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का





सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा, वेतनमान, पेंशन, मेडिकल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई है, जो सीधा अन्याय है। संघ की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, वेतन मैट्रिक्स लेवल 7, 8 एवं 9 लागू करना, सेवा सुरक्षा, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति एवं लंबित भुगतान का निराकरण शामिल है। प्रबंधकों का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से अब आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। संघ के अनुसार हड़ताल के चलते तेंदूपत्ता संग्रहण, 67 प्रकार के लघु वनोपज की खरीदी, बोनस, बीमा एवं अन्य योजनाएं प्रभावित होंगी, जिससे प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर असर पड़ सकता है।

### खरीदी शुरू, ज्यादा नुकसान की आशंका

दंतेवाड़ा जिले में भी प्रबंधकों द्वारा 23 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लेते हुए संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंप दिया गया है। जिले में 18 अप्रैल से तेंदूपत्ता खरीदी प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में हड़ताल का सीधा असर यहां के लगभग 80 हजार ग्रामीण परिवारों पर पड़ना तय माना जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण, भुगतान एवं प्रबंधन कार्य प्रभावित होने से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों पर व्यापक असर पड़ सकता है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और उग्र होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज पुनर्वासित युवाओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में माओवाद छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे पुनर्वासित युवाओं को अब शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक लाभ मिल रहा है। प्रशासन द्वारा इन युवाओं को नई शुरुआत देने के लिए जरूरी दस्तावेजों और सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है।

पुनर्वासित युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उन्हें राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज सुगमता से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में बेहतर स्वास्थ्य

- **आयुष्मान योजनाओं से व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगा**

सेवाओं से जोड़ने के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं, जिससे वे आर्थिक चिंता के बिना इलाज करा सकें। जिला चिकित्सालय बीजापुर में आयोजित कार्यक्रम में पुनर्वासित युवाओं को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इस कार्ड के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों को 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज, एपीएल परिवारों को 50 हजार रुपये तक का इलाज लाभ, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य



सहायता योजना के अंतर्गत, दुर्लभ एवं गंभीर बीमारियों के लिए 25 लाख रुपये तक की मुफ्त चिकित्सा सहायता साथ ही लाभार्थियों को योजनाओं के उपयोग और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

### युवाओं में दिखा आत्मविश्वास

आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने के बाद पुनर्वासित युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास साफ नजर आया। उन्होंने शासन और प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इच्छा जताई।

### समावेशी विकास की ओर मजबूत कदम

यह पहल न केवल पुनर्वासित युवाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के लिए भी प्रेरित कर रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि ऐसे सभी युवाओं को योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए।

# मेन्टूपल्ली में मीजल्स-रूबेला सर्वे 3 संदिग्ध बच्चों के लिए गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भोपालपट्नम ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र पामगल के आश्रित ग्राम मेन्टूपल्ली में 23 अप्रैल को मीजल्स-रूबेला खसरा-रूबेला बीमारी को लेकर व्यापक

- **टीम ने बच्चों के टीकाकरण और स्वच्छता पर ध्यान देने की अपील की**

सर्वे अभियान चलाया गया। इस सर्वे में आरबीएसके टीम एवं फील्ड कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

सर्वे के दौरान टीम ने गांव के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और संभावित लक्षणों की गहन जांच की। जांच के क्रम में तीन बच्चों में मीजल्स-रूबेला के संदिग्ध लक्षण



पाए गए, जिनके सैंपल लेकर आगे की जांच हेतु भेजे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि सर्वे का उद्देश्य समय रहते बीमारी की पहचान कर रोकथाम सुनिश्चित करना है।

टीम ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बच्चों के टीकाकरण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील भी की। इस अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से ही संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

# पुराने पेंशन पर शिक्षकों की जीत

## हाईकोर्ट की डबल बेंच ने खारिज की शासन की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पुरानी पेंशन योजना को लेकर छत्तीसगढ़ के शिक्षक एलबी संवर्ग के पक्ष में न्यायपालिका से एक और राहत भरी खबर सामने आई है। उच्च न्यायालय बिलासपुर की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन द्वारा दायर रिट अपील (डब्ल्यूए) 325/2026 को पहली ही सुनवाई में खारिज कर दिया है।



शालेय शिक्षक संघ दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने कहा है कि इस निर्णय से अब शिक्षकों को उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन का लाभ मिलने की राह साफ होती दिख रही है गौरतलब है कि इससे पूर्व उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने 17 फरवरी 2026 को राजेंद्र प्रसाद पटेल बनाम छत्तीसगढ़ शासन के मामले में शिक्षकों के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। कोर्ट ने शासन को निर्देशित किया था कि शिक्षक एलबी संवर्ग की पुरानी पेंशन हेतु सेवा गणना उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से करने पर विचार किया जाए और 120 दिनों के भीतर इस पर उचित आदेश प्रसारित करें। शासन ने सिंगल बेंच के इस फैसले को चुनौती देते हुए चीफ जस्टिस की डबल बेंच में अपील की थी। लेकिन कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शासन की अपील को आधारहीन मानते हुए खारिज कर दिया। शिक्षक संघ में हर्ष की लहर इस ऐतिहासिक निर्णय पर शालेय शिक्षक संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा के पदाधिकारी शैलेश सिंह एवं कुलदीप सिंह चौहान ने खुशी जाहिर की है। संगठन के पदाधिकारियों का मानना है कि यह न्याय की जीत है और इससे हजारों शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित होगा। यह हम सभी साथियों की एकजुटता और संघर्ष का परिणाम है। कोर्ट के इस फैसले से अब पुरानी पेंशन हेतु पूर्व सेवा गणना की उम्मीद और भी मजबूत हो गई है। शासन को अब बिना विलंब किए शिक्षकों के हित में आदेश जारी करना चाहिए।

# शहर विकास को लेकर एनएमडीसी सीएमडी से मिले नपा अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगर पालिका परिषद बड़े बचेली के विकास और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष

- **मूलभूत सुविधाओं के लिए सौंपा 7 सूत्रीय मांग पत्र**

राजू जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी से मुलाकात की। इस दौरान अध्यक्ष ने बचेली नगर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा।

मुलाकात के दौरान राजू जायसवाल ने एनएमडीसी परिक्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत 7 महत्वपूर्ण कार्यों को तत्काल स्वीकृत करने का आग्रह किया। एनएमडीसी फिल्टर प्लांट से नगरीय क्षेत्र के लिए पृथक पाइपलाइन और 25 नंबर नाला से नगर पालिका फिल्टर प्लांट तक संपवेल सहित पाइपलाइन का विस्तार। नगर को स्वच्छ रखने के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण हेतु 16,000 नग डस्टबिन की मांग। साथ ही, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रतिमाह 10 लाख रुपये का सहयोग प्रदान करने का प्रस्ताव। नगर में बढ़ रही बाहरी मजदूरों की संख्या और आपराधिक घटनाओं को देखते हुए पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग। अपोलो अस्पताल चौक से रेलवे कॉलोनी शिव मंदिर तक डामरीकरण सड़क निर्माण का कार्य। शव वाहनः नगरवासियों की सुविधा के लिए एक नग शव वाहन उपलब्ध कराना। प्रतिनिधिमंडल ने सीएमडी को अवगत कराया कि बचेली नगर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करना अत्यंत आवश्यक है। विशेषकर पेयजल और सड़कों की स्थिति में सुधार से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

### सीएमडी ने दिया आश्वासन

नगर पालिका अध्यक्ष के सौंपे गए प्रस्तावों को सुनने के बाद, एनएमडीसी सीएमडी ने सकारात्मक रुख दिखाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बचेली नगर के विकास के लिए इन प्रस्तावों पर एनएमडीसी गंभीरता से विचार करेगी और जनहित के कार्यों को जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला पंचायत सभाकक्ष बीजापुर में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग, संभाग बस्तर जगदलपुर की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान ई-ऑफिस संचालन, लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण, मध्याह्न भोजन, एमडीएम योजना की स्थिति, सेवा पुस्तिका संधारण एवं पासबुक अद्यतन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। संयुक्त संचालक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुंच सके। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

## वृद्धाश्रम की रामबाई 101 साल में चल बसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वृद्धाश्रम की माता रामबाई गोंड का 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पिछले 15 वर्षों से वह आस्था निकुंज में रह रही थीं। 23 अप्रैल को उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान रेडक्रास से जुड़े सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी।

# 200 कर्मियों को दी जा रही विशेष ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में जनगणना 2027 के अंतर्गत तृतीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से प्रारंभ हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को तकनीकी प्रक्रियाओं, प्रपत्रों के संधारण तथा डिजिटल प्रविष्टियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना अधिकारी मूलचंद चोपड़ा ने उपस्थित अधिकारियों



एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह विकास योजनाओं की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को अपनी भूमिका गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निभाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण एवं अभ्यास सत्रों को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। तृतीय चरण के इस प्रशिक्षण में जिले की 2 तहसीलों एवं 3 नगर पालिका परिषदों के कुल 172 प्रगणक एवं 28 पर्यवेक्षक, यानी कुल 200 कर्मियों को 5 बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। कार्यक्रम के दौरान जिला जनगणना अधिकारी मूलचंद चोपड़ा सहित संबंधित चार्ज जनगणना अधिकारी भी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
› वात रोग › घुटने के दर्द › पीठ व कमर दर्द › स्पॉन्डिलाइटिस › लिगामेंट के दर्द
› साइटिका › गोल्फ एल्बो › फ्रोजन शोल्डर › शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# खदान की सेफ्टी दीवार गिरी, डंप भसका और 23 परिवारों की जिंदगी हिली, विधायक पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम कच्चे स्थित आरीडोंगरी लौह खदान में 11 अप्रैल को हुए डंप भसकने की घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है। खदान के पिछले हिस्से में अचानक हुए इस हादसे से 23 परिवार सीधे प्रभावित हुए हैं। कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे ग्रामीणों के बीच असुरक्षा और भय का माहौल बना हुआ है। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी 12 दिन बाद मौके पर पहुँची और हालात का जायजा लिया।

विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मंडावी प्रभावित ग्राम पंचायत के पर्रेकोड़ो गांव के दफाईपारा पहुँची। विधायक ने दफाईपारा में चौपाल लगाकर प्रभावित ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा और खदान प्रबंधन की लापरवाही को खुलकर सामने रखा। निरीक्षण के दौरान विधायक ने माइंस प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने यह भी सुनिश्चित कराया कि सभी 23 प्रभावित परिवारों को 6 माह के भीतर गुणवत्तापूर्ण पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएं। विधायक ने माइंस प्रबंधन से ब्लास्टिंग नियमों के पालन, प्रभावितों की सूची और सुरक्षा इंतजामों को लेकर जानकारी मांगी, लेकिन प्रबंधन की ओर से उपस्थित कुंदन झा संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। विधायक ने दोहराया कि जिन परिवारों के घर उजड़े हैं, उन्हें समयबद्ध तरीके से सुरक्षित आवास और सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए, नहीं तो कंपनी के खिलाफ उग्र आंदोलन होगा। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन की शुरुआती अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी रही।

## कई घर क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में असुरक्षा और भय का माहौल बना



### माइंस प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बनी सहमति

मौके पर माइंस प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच कई अहम बिंदुओं पर सहमति बनी। तय हुआ कि सभी प्रभावित परिवारों को गांव के भीतर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा, तब तक के लिए मकान किराया कंपनी द्वारा दिया जाएगा और शिफ्टिंग के दौरान भोजन, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएगी। नई बसाहट में आंगनबाड़ी, स्कूल, पेयजल टंकी और तालाब जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित करने का भी आश्वासन दिया गया। साथ ही प्रभावितों को ठेकेदारी कार्यों में प्राथमिकता से रोजगार देने पर सहमति बनी।

## खबर संक्षेप

### चिन्हांकन शिविर में दिव्यांगों का भौतिक सत्यापन जारी



**भानुप्रतापपुर।** प्रशासन एवं समाज कल्याण की संवेदनशील पहल पर केंवटी में समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के माध्यम से आयोजित शिविर में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, यूडीआईडी कार्ड, सहायक उपकरण नकली हाथ-पैर के लिए उपस्थित हुए। इस शिविर में 250 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनके माध्यम से दिव्यांगजनों के चिन्हांकन, मेडिकल प्रमाण पत्र, नकली हाथ-पैर के लिए चिन्हांकन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन आदि किया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि हितग्राहियों को पात्रता अनुसार सहायक उपकरण भी प्रदाय किया गया है।

### डूबने से मौत के प्रकरण में 8 लाख की मदद मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने तालाब में डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरणों में मृतक के आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। चारामा तहसील के ग्राम उड़कुड़ा के 07 वर्षीय नुमेश जुर्री की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता तिलेश जुर्री और प्रतिमा जुर्री के लिए चार लाख रूपए तथा उड़कुड़ा निवासी 07 वर्षीय आयुष जुर्री की तालाब में डूबने से मृत्यु होने से उनके माता-पिता योगेश्वर जुर्री और आशिबा जुर्री के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### मंडी बोर्ड उप निरीक्षक के लिए 26 को होगी परीक्षा

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापमं द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षकां की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए कांकेर जिले में 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 11811 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

### भर्ती के लिए पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी

**कांकेर।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेंटर के लिए रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है, जो जिले की वेबसाइट पर अपलोड की गई है, जिसे जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर कांकेर के सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। उक्त सूची के संबंध में यदि किसी आवेदक को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह प्रमाणित साक्ष्यों सहित स्पीड पोस्ट, कुरियर या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से 08 मई शाम 05 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

### निधन

### कसवंतिन नरेटी

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम कोदापाखा निवासी कसवंतिन नरेटी का आकस्मिक निधन हो गया वे



लगभग 100 वर्ष से अधिक आयु की थीं। निधन की खबर से गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। वे सरल, स्नेही एवं सम्मानित महिला थीं। ग्रामीणजन उन्हें आदरपूर्वक स्मरण कर रहे हैं। दिवंगत कसवंतिन नरेटी का अंतिम संस्कार किया गया।

## जिला प्रशासन की हमर लक्ष्य योजना मुफ्त कोचिंग बनी छात्रों की ताकत

# सरकारी विद्यालयों के छात्रों ने रचा इतिहास जेईई के दूसरे चरण में 25 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सीमित संसाधन, साधारण पृष्ठभूमि और बड़े सपनों के साथ पढ़ाई करने वाले सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को जिला प्रशासन के द्वारा दिए कोचिंग की निःशुल्क व्यवस्था का परिणाम यह रहा कि जिले के 25 होनहार छात्रों ने जेईई के द्वितीय चरण चयन हो गया। छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह साबित कर दिया कि सफलता के लिए केवल मेहनत और सही दिशा की जरूरत होती है, न कि महंगे संसाधनों की।

जेई के दूसरे चरण के घोषित परिणामों में जिले के कुल 25 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। खास बात यह है कि इनमें सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र है, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। इन विद्यार्थियों की सफलता के पीछे शिक्षा विभाग की हमर लक्ष्य योजना एक मजबूत आधार बनकर उभरी है। इस योजना के तहत छात्रों को निःशुल्क कोचिंग, विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन और नियमित टेस्ट सीरीज जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। इससे छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयारी करने का अवसर मिला और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों का इस स्तर पर प्रदर्शन यह दर्शाता है कि अब सरकारी स्कूलों में भी शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है।

**छात्रों की मेहनत से किया कमाल :** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि जिला कांकेर के विद्यार्थियों द्वारा जेईई (द्वितीय चरण) में किया गया उत्कृष्ट प्रदर्शन अत्यंत गर्व का विषय है, यह उनकी मेहनत का परिणाम है। विशेष रूप से सरकारी स्कूलों के छात्रों ने जिस तरह से कठिन प्रतिस्पर्धा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। यह सफलता उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

**जिले के लिए यह बड़ी उपलब्धि :** जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने कहा कि जिला कांकेर के विद्यार्थियों ने जेईई (द्वितीय चरण) में जो उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, वह पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है। विशेष खुशी इस बात की है कि सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती।




### हमर लक्ष्य योजना कारगार साबित हो रही

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसी नवनीत पटेल ने कहा कि हमर लक्ष्य योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को दी जा रही गुणवत्तापूर्ण तैयारी, नियमित मूल्यांकन और मार्गदर्शन ने उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इस योजना के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और नियमित टेस्ट सीरीज ने विद्यार्थियों को एक सशक्त मंच प्रदान किया है, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर पा रहे हैं।

### सफलता हासिल करने वाले छात्र

कांकेर जिले से प्रथम सौरभ कुमार मंडावी प्रयास आवासीय विद्यालय, (82.34%), द्वितीय लोचन पटेल हायर सेकेंडरी स्कूल आंवरी (81.06%), तृतीय मल्लिका मरकाम प्रयास आवासीय विद्यालय (78.19%) रही। इसके अलावा वेदिका प्रयास आवासीय विद्यालय (77.77%), तनुजा नेताम प्रयास आवासीय विद्यालय (77.66%), कुमारी चंचल हायर सेकेंडरी स्कूल भीरागांव (76.84%), भूपेश कुमार कोमरा पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल (76.45%), हर्षल कुमार हायर सेकेंडरी स्कूल भीरागांव (75.98%), भूपेंद्र माहवे हायर सेकेंडरी स्कूल भीरागांव (73.03%), करण पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल (72.62%), भावेश कुमार हायर सेकेंडरी स्कूल लोहत्तर (71.99%), पायल वट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल अमोड़ा (69.71%), बिना उसेंडी पीएमश्री सेजेस अंतागढ़ (64.41%), सुषमा कोमरा हायर सेकेंडरी स्कूल भीरागांव (62.89%), करण कुमार प्रयास आवासीय विद्यालय (62.89%), अरुण कुमार हायर सेकेंडरी स्कूल बोन्दानार (62.69%), धर्मेंद्र कुमार हायर सेकेंडरी स्कूल हाटकोंदल (61.71%), गितेश कुमार हायर सेकेंडरी स्कूल आमाकड़ा (60.24%), सिमरन मरकाम हायर सेकेंडरी स्कूल बोन्दानार (58.62%), रोशन हायर सेकेंडरी स्कूल कोन्डे (56.75%), पार्वती वट्टी बालक हायर सेकेंडरी स्कूल अंतागढ़ (56.96%), प्रतिभा नायक हायर सेकेंडरी स्कूल भीरागांव (55.71%), प्रेरणा वट्टी कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल अभनपुर (55.52%), साक्षी हायर सेकेंडरी स्कूल लोहत्तर (54.94%), राखी हायर सेकेंडरी स्कूल कोन्डे (52.94%) को सफलता मिली है।

### पृथ्वी दिवस के जागरूकता कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**कांकेर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पैराडाइज हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल में 22 अप्रैल को शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने मिलकर हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।




कार्यक्रम के तहत प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने घर पर रहकर ड्राइंग, पेंटिंग एवं मॉडल के माध्यम से जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने हमारी धरती, हमारा भविष्य, पेड़ लगाओ, धरती बचाओ, स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दर्शाया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने घरों में गमलों में पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया तथा किचन गार्डन की साफ-सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का व्यावहारिक संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य रश्मि रजक ने कहा कि पृथ्वी हमें जीवन, शुद्ध वायु, स्वच्छ जल और सुंदर वातावरण प्रदान करती है, इसलिए इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, जंगलों की कटाई और जल संकट जैसी समस्याओं पर चिंता जताते हुए कहा कि इनका समाधान भी हमारे ही प्रयासों से संभव है। उन्होंने सभी को पेड़ लगाने, जल एवं बिजली की बचत करने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, पृथ्वी हमारी नहीं है, हम पृथ्वी के हैं।

# पंचायतों में आज से ग्रामसभाओं का आयोजन, मंत्री का सुनाएंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी कर शासन के निर्देशानुसार अलग-अलग गतिविधियां ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार आज 24 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएंगी, जिसमें सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा और साथ ही कार्यक्रम के दौरान ग्राम संवाद आयोजित होगा, जिसमें उप मुख्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का 20 मिनट का रिकॉर्डेड संदेश ग्रामवासियों को सुनाया जाएगा। इसके अलावा ग्राम संपदा ऐप में ग्राम की सभी परिसंपत्तियों को अपलोड करने का संकल्प व वाचन किया जाएगा। इसी प्रकार आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत हमारा कोष, हमारा अधिकार के तहत आरोपित कर का संग्रहण को लेकर संकल्प पारित किया जाएगा। उक्त ग्राम सभा में राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर पुरस्कृत कलाकारों, नर्तकों, खिलाड़ियों या अन्य विधा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले तथा लखपति दीदी का सम्मान भी किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में तैयार स्कोर कार्ड का प्रदर्शन किया जाएगा तथा ग्रामों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प पारित किया जाएगा और सार्वजनिक व शासकीय भवनों में साफ-सफाई की जाएगी। इसी तरह उक्त दिवस सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर प्रस्ताव पर चर्चा एवं संरक्षण हेतु आवश्यक कार्यवाही तथा आदर्श ग्राम पंचायत बनाए जाने का संकल्प पारित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। इसके अलावा मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण के प्रयासों को भी प्राथमिकता पर भी चर्चा की जाएगी। इसी तरह 24 अप्रैल से एक सप्ताह तक बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें प्रत्येक ग्राम पंचायत अपने तीन प्रमुख सामुदायिक कार्यों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी। ग्राम सभा की उपरोक्त समस्त कार्रवाई और दिए गए निर्णयों की वीडियो रिकार्डिंग कर 'ग्राम सभा निर्णय' ऐप में अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए।




### नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त में



**कांकेर।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपनी नानी के घर रहकर मकान निर्माण कार्य में मजदूरी करती थी। इसी दौरान उसकी पहचान आरोपी बालोद जिला के गुरूर थानांतर्गत ग्राम बड़भूम निवासी प्रवीण कुरेटी से हुई। आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर पीड़िता को अपने साथ रखा गया तथा कई बार शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया गया, जिससे पीड़िता 6 माह की गर्भवती हो गई। जब पीड़िता ने शादी करने की बात कही तो आरोपी ने गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी तथा शादी से इंकार कर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने थाना चारामा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी कर 23 अप्रैल को आरोपी 22 वर्षीय प्रवीण कुरेटी पिता बल्दूराम कुरेटी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# भानुप्रतापपुर नपं विवाद ने पकड़ा तूल कांग्रेस ने कहा- अभद्रता बर्दाश्त नहीं



**भानुप्रतापपुर ।** नगर पंचायत की सामान्य सभा में हुए विवाद के बाद कांग्रेस पार्षदों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलकर अपना पक्ष रखा और नगर पंचायत अध्यक्ष पर गाली-गलौज व मारपीट की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगाए। प्रेस वार्ता में पार्षदों ने नगर की बदहाल व्यवस्थाओं और विकास कार्यों में अनियमितताओं को भी प्रमुखता से उठाया।

नेता प्रतिपक्ष विजय धामेचा ने कहा कि परिषद की बैठक में जब नगर के विकास कार्यों और आय-व्यय को लेकर सवाल उठाए गए, तो अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर आक्रोशित हो गए। सवाल पूछने पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया और मारपीट की स्थिति बनी, जिससे परिषद की गरिमा प्रभावित हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्षदों ने नगर की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए कहा कि नगर पंचायत में पारदर्शिता का अभाव है और कई बुनियादी कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने पिछले एक वर्ष का आय-व्यय सार्वजनिक करने की मांग की। पार्षदों ने सफाई व्यवस्था की खराब स्थिति, स्ट्रीट लाइट की कमी से फैले अंधेरे, पेयजल संकट और वार्डों में अधूरे विकास कार्यों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इन समस्याओं को लेकर सवाल उठाने पर ही विवाद की स्थिति बनी।

कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि इन परिस्थितियों में उन्हें जनता के बीच जवाब देना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और आरोपों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन किया जाएगा। लोकतंत्र में सवाल पूछना हमारा अधिकार है। यदि जनहित के मुद्दों पर हमें दबाया जाएगा, तो हम सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि मामले को लेकर पूर्व में ही थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की जा चुकी है और अब इसे सार्वजनिक किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आरोपों को बताया निराधार

नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जनता ने उन्हें विकास कार्यों के लिए चुना है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान कुछ पार्षदों द्वारा जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न किया गया। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी और परिषद की मर्यादा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए विपक्ष पर ही हंगामा कर बैठक बाधित करने का आरोप लगाया। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद राजकुमार यादव ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष विजय धामेचा पूर्व की बैठकों में भी अमर्यादित भाषा और टकराव की राजनीति करते रहे हैं, जिससे परिषद की गरिमा प्रभावित हुई है। उनका कहना है कि इस बार भी विकास कार्यों पर गंभीर चर्चा होनी थी, लेकिन विपक्ष के रवैये के चलते यह संभव नहीं हो सका। परिषद की बैठक जनता के विकास के लिए होती है, न कि राजनीतिक अखाड़ा बनाने के लिए। एजेंडे पर चर्चा के समय जानबूझकर हंगामा कर बैठक बाधित करना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह विकास नहीं, बल्कि व्यवधान की राजनीति है।

## पत्रकार वार्ता में लता उसेंडी ने कहा-कांग्रेस महिला की तरक्की में बाधक

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध से कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर : लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव की विधायक लता उसेंडी ने नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम को लोकसभा में पारित नहीं होने देने को लेकर कांग्रेस सहित इण्डी गठबंधन के दलों पर तीखा हमला बोला। लता उसेंडी ने कहा कि महिलाओं के साथ हुए इस महापाप का परिणाम कांग्रेस और विपक्षी दलों को भुगतना पड़ेगा।

भाजपा कार्यालय कमल सदन में आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव की विधायक लता उसेंडी ने बताया कि देश की आधी आबादी माता बहनों को विकास की मुख्यधारा में सहभागी बनाने और लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में यह अधिनियम लाया गया था। संसद के विशेष सत्र से पहले देशभर में महिलाओं के बीच इसको लेकर उत्साह का माहौल था, लेकिन कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और समाजवादी पार्टी के विरोध के कारण यह साकार नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि इण्डी गठबंधन ने अवरोध उत्पन्न कर नारी शक्ति के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि भारत में नारी का स्थान सदैव पूजनीय रहा है और भाजपा महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए उसेंडी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, जिसके परिणामस्वरूप आज त्रि-स्तरीय पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी 57 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वहीं विधानसभा में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 22 प्रतिशत है। उन्होंने कांग्रेस पर फूट डालो और राज करो की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले तीन दशकों से महिला आरक्षण की बात करने वाली कांग्रेस हर बार इसे कानून बनाने के समय पीछे हट जाती है। परिसीमन, धर्म आधारित आरक्षण और क्षेत्रीय विवाद खड़ा कर इस बार भी अधिनियम को पारित नहीं होने दिया गया, जो देश की करोड़ों महिलाओं के साथ धोखा और अपमान है। लता उसेंडी ने स्पष्ट किया कि विधेयक पारित न होने के बावजूद भाजपा का संकल्प अडिग है और सभी बाधाओं को दूर कर देश की मातृशक्ति को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर रहेगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411